लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3477

15 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

ताम्र-अयस्क का उत्पादन

3477. श्री सी. एस. पुट्टा राजू:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) देश में ताम्र-अयस्क का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष व चालू वर्ष के दौरान इसके द्वारा आपूर्ति किए गए ताम्र-अयस्क की मात्रा कितनी है;

(ख) क्या एनएमडीसी द्वारा आपूर्ति किए जा रहे ताम्र-अयस्क की गुणता व मात्रा देश की औद्योगिक इकाइयों की मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) उक्तावधि के दौरान सभी देशी औद्योगिक इकाइयों द्वारा कंपनी-वार कुल कितनी मात्रा में तांबे का उत्पादन और आपूर्ति की गई?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) : जी नहीं, एनएमडीसी कॉपर अयस्क का उत्पादनकर्ता नहीं है।

(ख) : उपरोक्त (क) में दिए गए उत्तर के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

(ग) : गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सभी घरेलू उद्योगों से कॉपर कैथोड (परिष्कृत कॉपर) के उत्पादन और इसकी मांग की कुल मात्रा कंपनी-वार नीचे दी गई है:

क्र.सं.	वर्ष	मांग (लाख टन)	स्वदेशी उद्योगों द्वारा उत्पादन लाख टन में		
			हिण्डालको* इंडस्ट्रीज	स्ट्रलाईट * इंडस्ट्रीज	हिंदुस्तान कॉपर लि.
1.	2014-15 (अप्रैल-नवम्बर,14 , अनंतिम)	3.75	2.57	2.30	0.10
2.	2013-14	5.30	3.29	2.94	0.23
3.	2012-13	6.10	3.15	3.53	0.24
4.	2011-12	5.98	3.30	3.26	0.28

*मैसर्स हिण्डालको और स्ट्रलाईट इंडस्ट्रीज, कॉपर अयस्क कंसन्ट्रेट का आयात करते हैं तथा इसे कॉपर मैटल (कॉपर कैथोड) के रूप में परिष्कृत करते हैं।

***